# अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

गांधी चौक के पास, बिलासपुर, जिला-बिलासपुर (छ.ग.) 495001
फोन 07752-220007, 220031, 220032, 220033, 220037, 220014 फैक्स. 07752-220031, 260294
ई–मेल : registrar@bilaspuruniversity.ac.in Website : www.bilaspuruniversity.ac.in


क्रमांक / 358 / स्था.प्रशा. / 2021 बिलासपुर, दिनांक 31.7.2021

## // अधिसूचना //

अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर में शैक्षणिक सत्र 2021–22 में विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग एवं संबद्ध महाविद्यालयों में स्नातक/स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष/प्रथम सेमेस्टर में छात्रों के ऑनलाईन पद्धति से प्रवेश के संबंध में–

**छात्र/छात्राओं हेतु निर्देशः–**

- प्रवेश आवेदन पत्र केवल ऑनलाईन माध्यम से ही जमा किया जा सकेगा। विशेष परिस्थिति में आवेदन की अंतिम तिथि के पहले स्थान रिक्त होने पर संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य ऑफलाईन माध्यम से प्रवेश दे सकते है। परंतु ऑफलाईन आवेदन की ऑनलाईन प्रविष्टि संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य के माध्यम से अनिवार्य है।
- विश्वविद्यालय द्वारा विकसित प्रवेश संबंधी ऑनलाईन पोर्टल पूर्णतः मोबाईल फ्रेंडली है। अतएव विद्यार्थी आवेदन पत्र मोबाईल के माध्यम से भी भर सकते है। इसके लिये उन्हें सायबर कैफे या अन्य जगह जाने की आवश्यकता नहीं होगी।
- ऑनलाईन आवेदन करते समय विद्यार्थियों को अपना फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड करने की आवश्यकता नहीं है। विद्यार्थी अपना स्वयं का मोबाईल नंबर/व्हाट्सअप नंबर तथा ई–मेल आईडी का ही उपयोग करें। किसी अन्य का मोबाईल नंबर देने पर विद्यार्थी स्वयं जिम्मेदार होंगे।
- प्रवेश आवेदन पत्र भरने हेतु रूपये 50.00 (शब्दों में– पचास रूपये मात्र) शुल्क निर्धारित है जो ऑनलाईन माध्यम से देय होगा। विद्यार्थी इस शुल्क के साथ असीमित संख्या में वरीयता क्रम के अनुसार पात्रतानुसार पाठ्यक्रमों तथा महाविद्यालयों हेतु आवेदन कर सकता है। विद्यार्थी login करके अपने फार्म का प्रिंट कभी भी निकाल सकते है।
- विद्यार्थी द्वारा विकल्प के तौर पर भरे गये पाठ्यक्रमों तथा महाविद्यालयों में परिवर्तन आवेदन पंजीयन की अंतिम तिथि तक विद्यार्थी के द्वारा स्वयं की जा सकेगी।
- आवेदन पत्र के पंजीयन हेतु विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के वेबसाईट www.bilaspuruniversity.ac.in में जाकर Admission 2021-22 में Click करके विभिन्न चरणों का पालन करते हुए पूर्ण करना होगा। ऑनलाईन आवेदन फार्म भरने संबंधी चरणबद्ध सूची इस अधिसूचना के अंतिम में दी गयी है।
- निर्धारित अंतिम तिथि के पश्चात् प्रावीण्य सूची संबंधित महाविद्यालय/विश्वविद्यालय शिक्षण विभागों द्वारा जारी की जावेगी एवं विद्यार्थियों को संस्था के निर्देशानुसार निर्धारित शुल्क जमा कर प्रवेश लेना होगा।
- विद्यार्थी ऑनलाईन प्रवेश संबंधी किसी भी समस्या हेतु विश्वविद्यालय के हेल्पलाईन नंबर 8889928648 में कार्यालयीन समय में संपर्क कर सकते है अथवा विश्वविद्यालय के ई–मेल के (helpdesk@bilaspuruniversity.ac.in) के माध्यम से भी समाधान प्राप्त कर सकते है।

क्रमशः पृ.क्र. 02.....

- स्नातक प्रथम वर्ष हेतु छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल, रायपुर द्वारा जारी वर्ष 2021 के 12वीं के परिणाम के अनुक्रमांक (रोल नंबर) के आधार पर प्रवेश हेतु पंजीयन होगा। उक्त के अतिरिक्त अन्य सभी प्रकार के विद्यार्थियों को प्रवेश पंजीयन, मैनुअल प्रक्रिया से करना होगा।
- स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर हेतु अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर द्वारा जारी वर्ष 2021 के स्नातक के परीक्षा परिणाम के अनुक्रमांक (रोल नंबर) के आधार पर प्रवेश हेतु पंजीयन होगा। उक्त के अतिरिक्त अन्य सभी प्रकार के आवेदकों को प्रवेश पंजीयन, मैनुअल प्रक्रिया से करना होगा।

**संलग्नः– ऑनलाईन प्रवेश के संबंध में विस्तृत समय सारिणी**

**टीपः–** ऑनलाईन माध्यम से प्रवेश आवेदन पत्र भरने तथा प्रवेश संबंधी समस्त प्रक्रियाए, कोविड–19 के नियंत्रण एवं रोकथाम के लिये शासन द्वारा समय–समय पर जारी निर्देशों का पालन करते हुए किया जाना सुनिश्चित करें।

आदेशानुसार
(हस्ताक्षर) 31-07-21
कुलसचिव

पृ.क्रमांक / 359 / स्था.प्रशा. / 2021 बिलासपुर, दिनांक 31.7.2021

प्रतिलिपिः–

01. कुलपति महोदय के निज सहायक को माननीय कुलपति महोदय के सादर सूचनार्थ।
02. माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदया के सचिव, राजभवन, रायपुर को सादर सूचनार्थ।
03. सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर को सादर सूचनार्थ।
04. आयुक्त, उच्च शिक्षा, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर को सादर सूचनार्थ।
05. प्राचार्य, समस्त संबद्ध महाविद्यालय, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर को सूचनार्थ।
06. परीक्षा नियंत्रक, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर को सूचनार्थ।
07. वित्त अधिकारी, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर को सूचनार्थ।
08. विभागाध्यक्ष (समस्त) विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर को सूचनार्थ।
09. सहायक कुलसचिव (अकादमी) अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर को सूचनार्थ।
10. संपादक, समस्त दैनिक समाचार पत्र, बिलासपुर संस्करण को इस निवेदन के साथ कि उक्त अधिसूचना को छात्रहित के दृष्टिगत अपने लोकप्रिय समाचार पत्र के आगामी अंक में समाचार के रूप में प्रकाशित/प्रसारित करने का कष्ट करें।
11. वेबसाईट पर अपलोड हेतु/कार्यालयीन प्रति।

(हस्ताक्षर)
सहायक कुलसचिव (प्रशासन)

# अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

**ATAL BIHARI VAJPAYEE VISHWAVIDYALAYA, BILASPUR (CHHATTISGARH)**

(Established by Chhattisgarh Legislative Assembly Act No. 07 of 2012)

पुराना हाईकोर्ट भवन, गांधीचौक के पास, बिलासपुर (छ.ग.) 495001

फोन : 07752–220031,220032,220033 फैक्स 07752–260294

वेबसाईट : www.bilaspuruniversity.ac.inई–मेल : registrar@bilaspuruniversity.ac.in


क्रमांक / 369 / स्था.प्रशा. / 2021 बिलासपुर, दिनांक 30.7. / 2021

## –:: अधिसूचना ::–

शैक्षणिक सत्र 2021–22 हेतु छ.ग. शासन द्वारा जारी अकादमिक कैलेण्डर पत्र क्र. 1722 / 213 / आयुशि. / सम. / 2021 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 26.07.2021 एवं प्रवेश मार्गदर्शिका सिद्धांत 2021–22 पत्र क्र. एफ 17–95 / 2017 / 38–2 नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर दिनांक 03.07.2021, के परिपालन में नियमित छात्र–छात्राओं हेतु स्नातक प्रथम वर्ष / प्रथम सेमेस्टर, स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर, समस्त डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिये ऑनलाईन माध्यम से विश्वविद्यालय वेबसाइट **https://onlineregistration.bilaspuruniversity.ac.in** में पंजीयन तथा प्रवेश हेतु निम्नानुसार समय–सारणी जारी की जाती है:–

**समस्त संबद्ध महाविद्यालयों हेतु:–**

| स.क्र. | विवरण | तिथि |
|---|---|---|
| 1. | ऑनलाईन माध्यम से प्रवेश हेतु पंजीयन प्रारंभ होने की तिथि | **02.08.2021 से** |
| 2. | ऑनलाईन प्रवेश पंजीयन हेतु अंतिम तिथि | **17.08.2021 तक** |
| 3. | विश्वविद्यालय द्वारा महाविद्यालयों को ऑनलाईन माध्यम से (संस्था के डेशबोर्ड पर) आवेदित अभ्यर्थियों की सूची उपलब्ध कराने की तिथि | **17.08.2021 रात्रि 12:00 बजे से** |
| 4. | महाविद्यालय द्वारा प्रथम मेरिट सूची जारी किये जाने की तिथि | **18.08.2021 से 20.08.2021 तक** |
| 5. | संबंधित महाविद्यालय में प्रवेश तथा शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि | **24.08.2021** |
| 6. | स्थान रिक्त होने पर महाविद्यालय द्वारा द्वितीय मेरिट सूची जारी किये जाने की तिथि | **25.08.2021** |
| 7. | संबंधित महाविद्यालय में द्वितीय मेरीट सूची अनुसार प्रवेश तथा शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि | **31.08.2021** |

**विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग हेतु:–**

| स.क्र. | विवरण | तिथि |
|---|---|---|
| 1. | ऑनलाईन माध्यम से प्रवेश हेतु पंजीयन प्रारंभ होने की तिथि | **02.08.2021 से** |
| 2. | ऑनलाईन प्रवेश पंजीयन हेतु अंतिम तिथि | **17.08.2021 तक** |
| 3. | विश्वविद्यालय शिक्षण विभागों को ऑनलाईन माध्यम से (संस्था के डेशबोर्ड पर) आवेदित अभ्यर्थियों की सूची उपलब्ध कराने की तिथि | **17.08.2021 रात्रि 12:00 बजे से** |
| 4. | विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग (UTD) में Merit सूची जारी किये जाने की तिथि | **18.08.2021 से 20.08.2021 तक** |
| 5. | प्रवेश, दस्तावेज सत्यापन एवं शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि (विभागवार विस्तृत विवरण पृथक से जारी किया जायेगा) | **विभागवार 20.08.2021 से 31.08.2021 तक** |

- **समस्त प्राचार्य / विभागाध्यक्ष वि.वि. शिक्षण विभाग, छ.ग. शासन द्वारा जारी अकादमिक कैलेण्डर एवं प्रवेश मार्गदर्शिका सिद्धांत 2021–22 अनुसार ही प्रवेश प्रक्रिया संपन्न कराएं।**
- महाविद्यालयों / विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग के अनुरोध पर ही स्थान रिक्त होने की स्थिति में किसी कक्षा / वर्ग हेतु उक्त महाविद्यालयों का ऑनलाईन प्रवेश पोर्टल खोलने (विश्वविद्यालय द्वारा जारी समय सारणी के अनुसार) पर विचार किया सकेगा।

Up/Admin

- विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग में दस्तावेज का सत्यापन एवं प्रवेश हेतु शुल्क जमा करने की तिथि प्रत्येक विभाग द्वारा पृथक से जारी किया जाएगा। **विभाग द्वारा निर्धारित तिथि को समस्त दस्तावेजों की मूल एवं छायाप्रति तथा प्रवेश हेतु निर्धारित शुल्क के साथ उपस्थित होवें।**
- **विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग में प्रवेश शुल्क केवल ऑनलाईन माध्यम से ही जमा किया जावेगा।**

30.7.21

कुलसचिव

पृ. क्रमांक / 350 / स्था.प्रशा. / 2021 बिलासपुर, दिनांक 30.7. / 2021

प्रतिलिपिः–

1. कुलपति के निज सहायक को माननीय कुलपति महोदय के सादर सूचनार्थ।
2. सचिव, उच्च शिक्षा महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर को सादर सूचनार्थ।
3. आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल–नगर को सादर सूचनार्थ।
4. प्राचार्य, समस्त संबद्ध महाविद्यालय, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर को सूचनार्थ एवं पालनार्थ।
5. परीक्षा नियंत्रक, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर को सूचनार्थ।
6. विभागाध्यक्ष (समस्त) वि.वि. शिक्षण विभाग, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर को सूचनार्थ एवं पालनार्थ।
7. कार्यालयीन प्रति।

सहायक कुलसचिव (प्रशा.)